प्रेस नोट

दिनांक: 01.11.2019

सीबीएसई के 90वें और सहोदय विद्यालय संकुल के 25वें वर्षोत्सव का आयोजन

सीबीएसई का 90वां स्थापना वर्ष और सहोदय विद्यालय संकुल की 25वीं वर्षगांठ विज्ञान भवन नई दिल्ली में मनाई गई।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक', माननीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे, सचिव स्कूल शिक्षा श्री अमित खरे, अध्यक्ष सीबीएसई श्रीमती अनीता करवल ने इस अवसर पर गरिमामय उपस्थिति दी।

सीबीएसई के 90वें वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में, उपस्थित गण्यमान्य द्वारा सीबीएसई की यात्रा पर केंद्रित 'स्मारिका' जारी की गई। सीबीएसई में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए बोर्ड द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए 3 और पुस्तकें भी जारी की गई। सीबीएसई और दिल्ली एनसीआर के सहोदय विद्यालय संकुल 1 व 2 नवंबर को 'संधारणीय भविष्य के लिए नई तालीम' विषय-वस्तु पर दो-दिवसीय सम्मेलन का भी आयोजन कर रहे हैं। प्रोफेसर गोविंदा, प्रोफेसर पूनम बत्रा, डॉ स्वरूप रावल, सिस्टर शिवानी, श्री राजीव मेहरोत्रा, डॉ. अचल भगत, मेजर डी पी सिंह, प्रोफेसर महेश रंगराजन तथा ऐसे कई अन्य विभिन्न प्रख्यात वक्ता स्कूली शिक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

सचिव (शिक्षा) श्री अमित खरे ने कहा, "ऐसी समग्र शिक्षा को तैयार करना महत्वपूर्ण है जिसके द्वारा सर्वांगीण विकास हो सके।"

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक रूप से समग्र विकास करने के लिए सीबीएसई द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और पहलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नई तालीम का आधार सर्वसमावेशी विकास और कमजोर वर्ग के उत्थान की विचारधारा थी तथा यह कि नैतिक विकास और चरित्र निर्माण अच्छी शिक्षा के अभिन्न अंग है।

माननीय मानव संसाधन मंत्री ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कई स्कूल नेतृत्वकर्ताओं को एक साथ एक ही स्थान पर लाने के लिए सीबीएसई की सराहना की। ऐसा प्रतीत हुआ कि पूरा देश शिक्षा का उत्सव मनाने आया था। महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती, सीबीएसई के 90 वर्ष और सहोदय के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस सम्मलेन से राष्ट्र लाभान्वित होगा।

माननीय मंत्री द्वारा सीबीएसई की इसके न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में किए गए सराहनीय कार्य के लिए की प्रशंसा की गई।